वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्

अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

सं.7-3(1)/2023-R&A **दिनांक: 13.05.2024**

10

अधिसूचना

विषय: सीएसआईआर मुख्यालय में हिंदी अधिकारी और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक की भर्ती के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रिया के परिणाम से संबद्ध।

संदर्भ: विज्ञापन संख्या R&A/01/2023 (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 10 जुलाई, 2023) हिंदी अधिकारी के 01 पद और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के 03 पदों के लिए।

सभी उम्मीदवारों, जिन्होंने सीएसआईआर विज्ञापन संख्या आर एंड ए/01/2023 के अधीन राजभाषा स्टाफ के पदों जैसे कनिष्ठ हिंदी अनुवादक और हिंदी अधिकारी के लिए आवेदन किया है, का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

2. विज्ञापन की शर्तों के अनुसार, पात्र उम्मीदवारों को 10.07.2023 (शाम 5:00 बजे) तक सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक था। केवल उन आवेदकों की उम्मीदवारी जिनके ऑनलाइन आवेदन शुल्क भुगतान (यदि लागू हो) सहित निर्धारित समय के भीतर प्राप्त हुए हैं और ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन (यदि लागू हो) में एसबीआई ई–रसीद अपलोड की गई है, पर ही विचार किया गया तथा अन्य को अस्वीकार कर दिया गया है।

3. विधिवत गठित चयन समिति द्वारा, विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों के अनुसार सहायक दस्तावेजों सहित सभी ऑनलाइन आवेदनों की विस्तृत जांच की गई और लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए हिंदी अधिकारी और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के सभी पदों के लिए विज्ञापन के अनुसार आवश्यक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को अनुसंशित किया है।

4. चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर, लिखित परीक्षा में बैठने के लिए अनंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों की सूची और चयन समिति द्वारा अनुशंसित नहीं किए गए उम्मीदवारों की सूची जिसमें संबंधित कारण लिखित है को क्रमश: अनुबंध–I और अनुबंध–II में सूचीबद्ध किया गया है।

5. उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग प्रथम दृष्टया ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर और विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर की गई है।

6. हालांकि, स्क्रीनिंग प्रक्रिया के परिणाम तैयार करने में हर सावधानी बरती गई है, परंतु सीएसआईआर किसी भी स्तर पर अनजाने में त्रुटि या टाइपोग्राफिकल / प्रिंटिंग गलतियों, यदि कोई हो, को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

7. उम्मीदवारों का अभ्यावेदन, यदि कोई हो, केवल भर्ती पोर्टल https://recruitment.csir.res.in के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता हैं। अपने दावे के समर्थन में प्रमाण, जो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को मौजूद थे, संलग्न कर विधिवत

10/05/24

रूप से दिनांक 13.05.2024 (प्रात: 10 बजे से) से 22.05.2024 (17:00 बजे तक) जमा किया जा सकता हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। ई-मेल, टेलीफोन और अन्य साधनों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन भी स्वीकार्य नहीं होगें।

8. ऐसे अभ्यावेदनों पर सक्षम प्राधिकारी, सीएसआईआर का निर्णय इस संबंध में अंतिम और बाध्यकारी होगा।

9. यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अभ्यावेदन यदि कोई है, तो उसे CSIR विज्ञापन संख्या R&A/01/2023 के अंतर्गत राजभाषा स्टाफ (हिंदी अधिकारी और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक) के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने के दौरान उम्मीदवारों द्वारा पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर प्राप्त लॉगिन क्रेडेंशियल के साथ उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि उम्मीदवार पोर्टल तक पहुँचने में सक्षम नहीं है, तथा "Forgot Password" पर क्लिक करें और खोए हुए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड को पुनः प्राप्त करने के लिए चरणों का पालन करें।

10. लिखित परीक्षा से संबंधित तिथियां यथासमय वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएंगी तथा अभ्यर्थी अपडेट के लिए वेबसाइट देख सकते हैं। किसी भी अंतरिम या टेलीफोनिक पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक:

I. Annexure -I (HO), Annexure-I (JHT)

II. Annexure-II (HO), Annexure-II (JHT)

10/05/24

(सुप्रकाश हलदार)
उप सचिव (भ0एवंमू0)

प्रतिलिपि:

1. सीएसआईआर की आधिकारिक बेवसाइट
2. कार्यालय प्रति